तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 विपणन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण तहसीलदार ने की हटाने की कार्रवाई



## खबर संक्षेप

### अखंड रामचरित मानस गायन का आयोजन कल

**हरदीबाजार।** श्री अखंड एक दिवसीय रामचरित मानस गायन का आयोजन ग्राम उतरदा के खाल्हेपारा में 10 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आचार्य पंडित पुष्पेंद्र शुक्ला रहेंगे। ग्रामवासियों के द्वारा रामचरित मानस गायन कीर्तन एवं प्रवचन श्रवण करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में आकर पुण्य के लाभ लेने के लिए ग्रामवासियों ने आग्रह किया है।

### बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**कोरबा।** प्रगतिशील लेखक संघ इकाई प्रगतिशील लेखक संघ के 90 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 9 अप्रैल को एक अनूठे बहुभाषी कवि सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन किया गया है। संघ के अध्यक्ष सुरेश रोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कोरबा शहर में इस तरह का बहुभाषी आयोजन पहली बार हो रहा है। संस्था के सचिव अरविंद पांडे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लेखक और कवि अपनी कविताएं, जो वे गोष्ठी में प्रस्तुत करना चाहते हैं, संगठन के मोबाइल नंबर पर शाम 2 बजे तक अपना नाम दे सकते हैं। उन्होंने कवियों से मोबाइल नंबर 7747 920885 पर अपनी सहमति अवश्य देने कहा है। यह बहुभाषी कवि सम्मेलन कोरबा के साहित्यिक परिदृश्य में एक नया रंग भरने वाला साबित होगा। संयोजक अंजना सिंह ने बताया यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रगतिशील लेखक संघ के संरक्षक शिव शंकर अग्रवाल के टीपी नगर कार्यालय में बुधवार को शाम 4 बजे से आयोजित किया गया है।

### पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 तक

**कोरबा।** व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता लाने एवं जिले में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा में मुख्य रूप से 4 थीम पर आधारित गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉड्यूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, सी-सेम मॉड्यूल का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने के संबंध में जागरूकता केन्द्रित है। इस के लिए 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में गतिविधियों का कैलेण्डर भी तैयार किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण भी पढ़ाई भी, पर्यावरण संरक्षण, ईसीसीई गतिविधियां, एनीमिया उन्मूलन संबंधित गतिविधियां संचालित की जाएगी।

### सोसाइटी के पुनर्गठन को लेकर मंगाई गई दावा आपत्ति

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग द्वारा प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुनर्गठन योजना के क्रियान्वयन संबंधी प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में किया गया है। उक्त योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरुप जिला कोरबा में 19 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियां अस्तित्व में आ रही है। पुनर्गठन प्रस्ताव पर प्रभावित एवं परिणामी सोसायटी के सदस्य, सोसाइटियों एवं बैंक शाखा तथा अन्य द्वारा 15 दिवस के समयावधि में 23 अप्रैल तक दावा आपत्ति कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के समक्ष तीन प्रतियों में आमंत्रित किया गया है। पुनर्गठन योजना की विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति के कार्यालय शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा, समस्त जिला कोरबा कार्यालय नोडल अधिकारी आदि से प्राप्त की जा सकती है।

### खदान प्रभावित क्षेत्रों के जल स्तर में चिंताजनक गिरावट

# रसातल में जा रहा अंचल का जल पेयजल समस्या गहराने लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहाड़ों और घने जंगल वाला क्षेत्र होने के बाद भी अंचल का भूजल स्तर प्रतिवर्ष गिरते जा रहा है। कोरबा और कटघोरा ब्लॉक में यह स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति खदान प्रभावित क्षेत्रों की है। यहां प्रतिवर्ष डेढ़ से दो मीटर जल स्तर गिरता जा रहा है। रसातल में जाते जल संरक्षण को लेकर मैदानी स्तर पर गंभीरता से कार्य नहीं होने के परिणाम स्वरुप जल स्तर में गिरावट जारी है।

**खास बात**

- कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में स्थिति ज्यादा खराब

जिले के पांचों विकासखंड अंतर्गत भूजल स्तर को लेकर प्रतिवर्ष सर्वे कराया जाता है। उक्त सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर यह बात सामने आई है कि प्रतिवर्ष जल स्तर नीचे जा रहा है। औद्योगिक एवं खदान वाला जिला होने के कारण भूजल का दोहन भी व्यापक स्तर पर होने के कारण जल स्तर का नीचे जाना एक प्रमुख कारण के रुप में सामने आ रहा है। अकेले कटघोरा विकासखंड अंतर्गत शहरी और ग्रामीण अंचल में ही पानी की भयावह स्थिति बनी हुई है। कोयला खदान होने के कारण यहां का जल स्तर 18 मीटर नीचे दर्ज किया गया है। गर्मी के ⏭ शेष पेज 3 पर



ग्रामीण अंचल की तालाबों का कम होने लगा जलस्तर।

**ये क्षेत्र ज्यादा प्रभावित**

पाली विकासखंड के रजक्कमा, चैतमा, सरईपाली बुड़बुड़ क्षेत्र में जल स्तर अभी से नीचे चला गया है। पीएचई विभाग की मानें तो वर्तमान में पाली क्षेत्र का जल स्तर 19 मीटर नीचे गया है। यहां पानी को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा तैयार किया मुनगाडीह एनीकट भी सूख चुका है जहां से पाली नगर पंचायत में पानी सप्लाई करने के लिए जलावर्धन योजना तैयार की गई थी।

**ये है जल स्तर की वर्तमान स्थिति**

| विकासखंड | जल स्तर |
|---|---|
| कोरबा | 19.50 मीटर |
| करतला | 18.50 मीटर |
| कटघोरा | 18 मीटर |
| पाली | 19 मीटर |
| पोड़ी उपरोड़ा | 20.5 मीटर |

**चल रहा है पीएचई विभाग का सर्वे**

गिरते जल स्तर को मापने के लिए पीएचई विभाग द्वारा 1 अप्रैल से जिले के सभी ग्रामों में हैंडपंप मैकेनिक के द्वारा जल स्तर मापने का कार्य किया जा रहा है। 30 अप्रैल तक सर्वे का कार्य किया जाएगा। 1 मई को सर्वे की रिपोर्ट आने के बाद गिरते हुए जल स्तर की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। इस वर्ष दिसंबर जनवरी में बारिश नहीं होने के कारण भी जल स्तर नीचे जा रहा है। अब तक मानसून के बाद भी ठंडी के मौसम में अक्सर जनवरी माह में बारिश होती थी इस वर्ष बारिश नहीं होने के कारण जल स्तर नहीं बढ़ सका है।

**ऐसे मापा जाता है गिरता जल स्तर**

जल स्तर मापने के लिए केंद्रीय भूजल बोर्ड की टीम द्वारा सर्वे किया जाता है और उसके द्वारा कई स्थानों में जहां जल स्तर अन्य जगहों से नीचे जाता है उन स्थानों में पीजी मीटर लगाकर या डगवेल स्थापित कर जल स्तर के आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं। कोरबा जिले में गिरते भूजल के स्तर को औद्योगिक इकाईयों को भूजल दोहन के लिए केंद्रीय भूजल बोर्ड से अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है।

# बकरा चोर गिरोह का कारनामा, काले रंग की लग्जरी कार में केंदई से उठा ले गए 4 बकरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी परिवारों द्वारा बड़े पैमाने पर पशुपालन किया जाता है जिसमें खासतौर पर बकरा पालन आम है लेकिन इन गरीबों के बकरा को भी नहीं बख्श रहे हैं और बकायदा बकरी चोरी करने वाला गिरोह काम कर रहा है जो लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर पहुंचते हैं और रात के अंधेरे में उनके द्वारा गरीबों के आसियानों के भीतर घुसकर बकरा और बकरी की चोरी कर ले जा रहे है।

**खास बात**

- मोरगा चौकी क्षेत्र का मामला, पुलिस ने किया अपराध दर्ज

नया मामला मोरगा चौकी क्षेत्र के ग्राम केंदई में सामने आया है। यहां निवासरत धरम सिंह बिंझवार उम्र 35 वर्ष पिता करम सिंह खेती किसानी काम करता है। धरम सिंह अपने घर में बकरा बकरी पाला है। 30 मार्च की रात लगभग 10 बजे धरम सिंह सपरिवार खाना खाकर सो गया था। इसी दौरान देर रात रात 1 बजे धरम सिंह के चाचा रामायण सिंह ने चोर चोर की आवाज दिया तब धरम सिंह जागा और घर के पीछे बकरा बकरी बांधने के कोठा में जाकर देखा तो कोठा के दरवाजा का कुंदा टूटा हुआ था। कोठा के अंदर जाकर देखा मेरा 1 नग बकरी एवं 3 नग बकरा को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। धरम सिंह के चाचा रामायण सिंह बताया कि काला रंग के कार में चोर आये थे जिन्होंने बकरा और बकरी की चोरी कर फरार हो गए। धरम सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की खोजबीन शुरु कर दी है।

**जिले में इस तरह की कई घटनाएं आ चुकी है सामने**

जिले में बकरा बकरी चोरी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जिले में कई तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है। खासतौर पर बकरा चोरी करने वाला गिरोह जिले के पसान थाना क्षेत्र, बांगो, पाली क्षेत्र में सबसे ज्यादा घटनाएं होती हैं। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में ही चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय रहते हैं जो बकायदा ग्रामीण क्षेत्रों में रेकी करते हैं और पहले यह देखते हैं कि किसके-किसके घरों में बकरा बकरी का पालन किया गया है जिसके बाद ये रात के अंधेरे में लक्जरी वाहनों में पहुंचते हैं और लक्जरी वाहनों में बकरा बकरी को भरकर दूसरे जिलों में या फिर दूसरे प्रदेशों में खपा देते हैं।

### तीन जुआरी गिरफ्तार

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में मंगलवार को ग्राम उमरेली में शराबभठ्ठी के पास खेत में जुआ खेलने की सूचना पर मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया जिनमें अंकित महंत निवासी कोरवा पारा त्रिमूर्ति टाकिज के पास जिला जांजगीर चांपा, चंद्रकांत देवांगन, निवासी देवांगन पारा हनुमान चौक चांपा, सनत कुमार यादव निवासी ईमलीडुग्गु संतोषी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से 5 हजार रूपये, 5 बाइक जप्त कर जुए एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# सड़क हादसे में ठेका श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क हादसे में लैंको पावर प्लांट में ठेका श्रमिक के रुप में काम करने वाले एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आंछीमार निवासी विनोद पटेल 26 वर्ष पिता चेतन पटेल लेंको पॉवर प्लांट में ठेका कंपनी के अधीन ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। सोमवार की रात जब वह ड्यूटी के बाद घर लौट रहा था तभी रात्रि लगभग 11 बजे भैंसमा कॉलेज के पास पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि विनोद पटेल की शादी को एक साल भी नहीं हुई थी। हाल ही में उसके घर एक बच्चे का जन्म हुआ था।

# पुलिस अधीक्षक ने थानेदारों की लगाई क्लास, अपराधों को लेकर दिए निर्देश



थाना प्रभारियों की बैठक लेते पुलिस अधीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मंगलवार को जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारी सहित थाना और चौकी प्रभारी की क्राइम मीटिंग ली। जहां उन्होंने अपराध को लेकर समीक्षा की और अपराध को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है।

आगामी त्योहारों के मद्देनज़र जिले में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा मंगलवार को समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना-चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में एसपी श्री तिवारी ने अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई, लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं पर संवेदनशीलता, गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान जनसंवाद बढ़ाकर शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# राजस्व वसूली पर आयुक्त के कड़े तेवर, बड़े बकायादारों की सम्पत्ति, भवन, दुकान होंगे सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के बड़े बकायादारों द्वारा यदि तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जाती तो उनकी सम्पत्ति, भवन व दुकानों को सील किया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम की राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए करों की कम वसूली पर गहरी नाराजगी जताई तथा जिन बकायादारों द्वारा बकाया कर की राशि जमा नहीं कराई जा रही है, उन पर नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही किए जाने, सम्पत्तियों को सील किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपर आयुक्त विनय मिश्रा, सम्पत्तिकर अधिकारी अनिरूद्ध सिंह एवं निगम के राजस्व निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- आयुक्त ने की राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा
- बकायदारों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने अधिकारियों को दिए निर्देश



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

**करों का भुगतान समय पर करें**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के बकायादारों, करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम को देय करों की बकाया राशि तथा वर्तमान वर्ष की कर राशि का भुगतान निगम को करें तथा शहर के विकास व नागरिक सेवाओं एवं सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने में निगम को अपना सहयोग प्रदान करें।



## खबर संक्षेप

### फर्जी दस्तावेज बनाकर बेची जमीन, गिरफ्तार



**बिलासपुर।** फर्जी दस्तावेज बनाकर दूसरे की जमीन को बेचने वाले जमीन दलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 7 अप्रैल को जरहाभाठा निवासी सौखीलाल भार्गव ने रिपोर्ट लिखाई थी, वर्ष 2008 में माया देवी पति लक्ष्मी सिंह से उन्होंने देवरीखुर्द में 2400 वर्गफीट जमीन खरीदी थी। किन्हीं कारणों से वे नामांतरण नहीं करा पाए थे। इसी दौरान कोरोना काल में दलाल बजरंग प्रसाद गौतम ने आनलाइन रिकार्ड में तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाकर माया देवी के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाया और किसी अन्य महिला को माया देवी बनाकर पंजीयन कार्यालय में पेश किया, इसके बाद फर्जी मुख्तियारनामा और ऋण पुस्तिका तैयार कर 13 फरवरी 2020 को उक्त जमीन को सुषमा गुप्ता और अरविंद कुमार गुप्ता के नाम पर रजिस्ट्री कर बेच दिया गया था। 8 अप्रैल को पुलिस ने बीएनएस की धारा 120 बी, 420, 467, 468, 471 के तहत जमीन दलाल बजरंग प्रसाद गौतम को गिरफ्तार कर लिया है।

### वेन की टक्कर से मां बेटी घायल

**बिलासपुर।** वेन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दी। इससे एक्टिवा सवार मां बेटी घायल हो गईं। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, वसुंधरा नगर रिंग रोड टू निवासी अंजली ध्रुव पिता स्व. नवल सिंह ध्रुव 7 अप्रैल को एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 0587 में अपनी मां रूपी सिंह ध्रुव को बैठाकर शनिचरी बाजार जा रही थी। शाम 6.45 बजे राजेन्द्र नगर चौक के पास पीछे से आ रहे मारूती वेन क्रमांक यूपी 75 एस, 5828 के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में मां बेटी घायल हो गई और एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने अंजली की रिपोर्ट पर मारूती वेन के ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जीवित व्यक्ति को मृत बताकर हड़प ली जमीन

**बिलासपुर।** जीवित व्यक्ति को मृत बताकर रिश्तेदारों ने उसकी जमीन हड़प ली है। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, जांजगीर निवासी रामगोपाल गौरहा ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी नानी अमोला बाई की सिरगिट्टी क्षेत्र के ग्राम बसिया में 6.222 हेक्टेयर कृषि भूमि थी, जिसमें से आधा हिस्सा उन्हें 1972 में नामांतरण के माध्यम से मिल गया था। वर्ष 2014 तक उक्त जमीन शासकीय रिकार्ड में उनके नाम पर दर्ज थी और वर्ष 2015 से बंद हो गया। उन्होंने जांच की तो पता चला कि उनके रिश्तेदार रूपराम दुबे, बेनीराम दुबे, बिहारीलाल दुबे ग्राम बसिया व गतौरा निवासी निर्मला ने षड़यंत्रपूर्वक उन्हें मृत घोषित कर कोर्ट से फर्जी आदेश पारित करवा लिया। श्री गौरहा ने बताया, 14 जून 2012 को कोर्ट में प्रस्तुत झूठी जानकारी के आधार पर उन्हें मृत और अविवाहित बताया गया, जबकि वह जिंदा है और उनके एक पुत्र व दो बेटियां हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रूपराम दुबे, बेनीराम दुबे, बिहारी लाल दुबे, निर्मला के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आरक्षक से मारपीट फरार चार गिरफ्तार

**बिलासपुर।** 7 अप्रैल को सदरबाजार करोना चौक में कट मारकर निकलने से मना करने पर परसदा निवासी आरक्षक सतीश कुमार लोधी के साथ युवकों ने लाठी, राड से ताबड़तोड़ हमला कर सिर फोड़ दिया था। कोतवाली पुलिस ने देर रात अलग-अलग जगहों में दबिश देकर फरार हमलावर अमन हदगेन, हिमेश वैरीसाल, शेख इमरान, जैदूल हक को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। हमलावर मनोज वर्मा चांटीडीह, सैफूल हक करोना चौक निवासी को गिरफ्तार किया था।

## ढाई लाख ने पंजीयन तो कराया लेकिन सिर्फ 1840 उपभोक्ताओं को मिला लाभ

# प्रदेश में रेंग रही सूर्य से घर पर बिजली बनाओ योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत्तीसगढ़ में रेंग रही है। हाल यह है कि साल भर में इस योजना का लाभ लेने के लिए 2 लाख 43,071 उपभोक्ताओं ने तो पंजीयन कराया लेकिन विधिवत आवेदन इस योजना में 35 हजार 475 उपभोक्ताओं ने ही किया। यही नहीं अभी तक मात्र 1840 उपभोक्ताओं को ही योजना का लाभ मिला है। ध्यान रहे कि 30 मार्च को बिल्हा क्षेत्र के मोहभट्ठा में आयोजित आमसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया था कि छग सहित भारत में हम सोलर पावर प्रोडक्शन को भी माइक्रो लेवल पर ले जा रहे हैं।


पीएम सूर्य घर रूफ टॉप सोलर सेटअप के लिए हर फैमिली को फंड भी दिया जा रहा है। इस योजना को लेकिन अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। अधिकारी कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में 1 लाख 30 हजार घरों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाया जाएगा। 2026 तक इस टारगेट को पूरा करने का निर्देश बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से दिया गया है।

अलग खबर

- 2 लाख के लोन में 78 हजार सब्सिडी दे रही सरकार, फिर भी लोगों की रुचि नहीं

योजना के तहत वर्तमान में सबसे ज्यादा सोलर पैनल रायपुर और सबसे कम खैरागढ़ में लगा है। हालांकि, सूरजपुर, सुकमा, नारायणपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, दंतेवाड़ा और बलरामपुर में अब तक खाता भी नहीं खुला है। ज्ञात हो कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना 13 फरवरी 2024 को लांच हुई थी। इसके तहत देश में एक करोड़ घरों में छत पर सौर संयंत्र स्थापित करना है। लोगों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 फरवरी 2024 को 75,021 करोड़ रुपए की लागत के साथ पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता हर महीने 360 यूनिट बिजली उत्पादन कर सकते हैं। दावा है कि इससे हर साल 16 हजार रुपए तक का खर्च बचाया जा सकता है। आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को बैंक से दो लाख रुपए का लोन और 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिलेगी। सोलर पैनल की लाइफ 25 साल की है। यानी एक उपभोक्ता सोलर पैनल लगाकर 4 लाख 21 हजार 200 रुपए की बचत कर सकेगा।

- प्रदेश में अब तक 2 लाख 38 हजार 427 उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं
- इनमें से 32 हजार 396 उपभोक्ताओं ने सोलर पैनल लगवाने के लिए आवेदन भी दिया है
- वर्तमान में 1 हजार 840 उपभोक्ताओं के घर में सोलर पैनल लगाया जा चुका है
- 858 उपभोक्ताओं के घर का निरीक्षण होना है, उसके बाद यहां भी पैनल लगाया जाएगा



### मुफ्त नहीं है यह मुफ्त के नाम वाली योजना

दरअसल प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना नाम से प्रचारित इस योजना का लाभ शायद ही गरीब वर्ग ले पाए क्योंकि इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को सरकारी सब्सिडी के साथ ही अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने होते हैं तब जाकर उपभोक्ता मुफ्त बिजली का लाभ ले पाता है। यानी इस मुफ्त बिजली योजना के लिए पहले पैसे खर्च करने पड़ते हैं। उदाहरण के लिए अगर तीन किलोवाट का सोलर प्लांट लगाना है तो लगभग 1.45 लाख रुपए की लागत आएगी। उसमें से अठहत्तर (78) हजार रुपए की सब्सिडी सरकार देगी। बचे हुए सड़सठ हजार (67,000) रुपए उपभोक्ता को देने होंगे।

### 3 किलोवाट सोलर-पैनल से बनेगी 360 यूनिट इलेक्ट्रिसिटी, हर साल 16 हजार बचेंगे

यह है स्थिति

| जिला | रजिस्ट्रेशन संख्या | उपभोक्ताओं की संख्या |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 7728 | 152 |
| दुर्ग | 15112 | 187 |
| जांजगीर चांपा | 6071 | 15 |
| बालोद | 28160 | 5 |
| कोरबा | 8712 | 23 |
| रायगढ़ | 8350 | 25 |
| रायपुर | 18466 | 467 |

### मौके पर पहुंचकर सत्यापित करेंगे अधिकारी

केंद्र सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना के लिए नेशनल पोर्टल लॉन्च किया है। इसके लिए आप वेबसाइट **www.pmsuryaghar.gov.in** पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इसमें आपको अपने बिजली कनेक्शन का कंज्यूमर नंबर, नाम, पता, राज्य और कितनी क्षमता का प्लांट लगाना है जैसी जानकारियां भरनी होंगी। उसी के अनुसार आपके यहां सोलर पैनल लगेगा और आपको सब्सिडी मिल पाएगी। पोर्टल पर दी गई जानकारियों को बिजली कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर सत्यापित करेंगे। इसके बाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। पोर्टल पर कई सारे वेंडर पहले से पंजीकृत हैं जो सोलर पैनल लगाते हैं। आप अपने हिसाब से कोई भी वेंडर चुन सकते हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में सिम्स की स्वशासी समिति की बैठक में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन

# मंत्री ने कहा- सैलरी बढ़ाओ, डाक्टर लाओ



अधिकारियों से जानकारी लेते स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में डाक्टरों को आकर्षित करने के उद्देश्य से उनकी सैलरी में बढ़ोतरी करने की तैयारी की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को सिम्स की स्वशासी समिति की बैठक में इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी दो सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस दौरान विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जायसवाल की अध्यक्षता एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया एवं पूर्व विधायक कृष्णमूर्ति बांधी की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में वैसे तो विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, लेकिन बैठक में प्रमुख विषय कोनी स्थित मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में सारी सुविधाएं उपलब्ध कर आम जनता को इसका जल्द से जल्द लाभ देने संबंधी चर्चा प्रमुख विषय रही। इस दौरान अस्पताल में विभिन्न विभागों में डाक्टरों की कमी और इनकी पूर्ति के संबंध में चर्चा के दौरान उनकी सैलरी में बढ़ोतरी कर उन्हें अस्पताल में सेवा देने हेतु आकर्षित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सीनियर डाक्टरों की समिति बनाई गई है, जो विभिन्न अस्पतालों में पदस्थ डाक्टरों को मिल रही सैलरी का अध्ययन कर यहां उसकी अनुशंसा करेंगे। कमेटी में सिम्स के डीन डा रमणेश मूर्ति, रायगढ़ मेडिकल कालेज के डीन डा विनीत जैन व दुर्ग मेडिकल कालेज की डीन डा त्रिप्ति नागिरया शामिल हैं। इस कमेटी को दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी, ताकि वेतन में बढोतरी कर जल्द से जल्द डाक्टरों की भर्ती की जा सके। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने पार्ट टाईम डाक्टरों को भी अस्पताल में संलग्न करने संबंधी प्रस्ताव भेजने को कहा। बैठक में डाक्टरों व स्टाफ क्वार्टर बनाने, स्टोर, लांड्री, मरच्यूरी, जनउपयोगी भवन, एटीएम बैंक व कैंटीन के लिए भी शासन को प्राक्कलन चले जाने व आगामी बजट में इसे स्वीकृति देने संबंधी चर्चा की गई। इसी तरह कार्डियक एंबुलेंस लेने, ई लाईब्रेरी बनाने व रेडियोलाजिस्ट की कमी के चलते रिपोर्टिंग में विलंब को ध्यान में रखते हुए टेलीरेडियोलाजी की अनुमति प्रदान की गई है। बैठक में मंत्री श्री जायसवाल ने सुपर स्पेशिलटी अस्पताल में नए 55 पदों की भर्ती स्वीकृति के साथ ही बजट सत्र में की गई घोषणा के अनुसार जिले में फिजियोथेरेपी कालेज खोले जाने की तैयारी करने को कहा है। बैठक में उन्होने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से 27 करोड 90 लाख व सिम्स मेंडिकल कालेज के लिए एक करोड की स्वीकृति प्रदान की। इसी तरह सिम्स के लिए ही 60 लाख से एसीएलएस एंबुलेंस की स्वीकृति दी। इस दौरान डीन ने जानकारी दी कि अस्पताल में अभी 3 नग बीसीएलएस एंबुलेंस उपलब्ध हैं। अस्पताल में एमआरडी, पेयिंग वार्ड में रेनोवेशन व मरम्मत कार्य की भी स्वीकृति दी। उक्त बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल, संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर अवनीश शरण, सिम्स के डीन रमणेश मूर्ति आदि उपस्थित थे।

- मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में डाक्टरों की कमी पूरी करने सैलरी बढ़ोतरी की तैयारी

### निर्णय लेने का विशेष अधिकार सीएम और संगठन का

मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल कोनी का निरीक्षण करने मंगलवार को शहर पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कुछ मंत्रियों की खराब रिपोर्ट व मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल के प्रश्न पर कहा कि अगर किसी मंत्री की रिपोर्ट खराब है तो उस पर निर्णय लेने का विशेषाधिकार मुख्यमंत्री व संगठन का है। वे इसमें कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। वैसे सारे मंत्री अच्छे से कार्य कर रहे हैं किसी की रिपोर्ट खराब नहीं है।

सिम्स सभाकक्ष में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में सारे डिपार्टमेंट जल्द से जल्द प्रारंभ हो जाएं, ताकि आम लोगों को इसका लाभ मिल सके इसी उद्देश्य से इसका निरीक्षण किया जा रहा है। चार विभाग प्रारंभ हो चुके हैं, वहीं दो और विभागों पर चर्चा की गई है। कैंसर अस्पताल को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु समीक्षा की गई है। इसी तरह सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय में भी सौ बेड और बढ़ाने संबंधी चर्चा की गई। कोनी में सात सौ करोड़ की लागत से प्रस्तावित सिम्स के नए भवन के निर्माण के लिए शासन स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए बजट स्वीकृत किया जा चुका है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। अपोलो अस्पताल में फर्जी मार्कशीट के जरिए अपनी सेवा देने वाले डाक्टर के मामले में उन्होंने कहा कि सरकार किसी की भी हो व अस्पताल चाहे निजी हों या शासकीय हों। इस मामले की जानकारी लेकर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। सिम्स में भी फर्जी अंकसूची वाले कुछ डाक्टरों की नियुक्ति होने की बात पर उन्होंने इसकी सूची उपलब्ध कराने व इन पर भी कार्यवाही करने की बात कही। सुशासन दिवस पर उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर या हेडक्वार्टर तक नहीं पहुंच पाते सरकार ने सुशासन दिवस के माध्यम से उनको अपनी समस्याओं को बताने के घर पहुंच सेवा देने का प्रयास किया है।

### सुपर स्पेशलिटी, मेंटल और जिला अस्पताल भी पहुंचे

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को बिलासपुर प्रवास के दौरान सेंदरी मेंटल हॉस्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर अस्पताल, जिला अस्पताल और सेंदरी स्थित दवा गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आईपीडी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। अस्पतालों में वाटर कूलर के साथ ही एसी की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने सबसे पहले राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में 100 बेड और बढ़ाया जा रहा है जिससे यहां कुल बेडों की संख्या 300 हो जाएगी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अस्पताल मरम्मत और रंग-रोगन के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करने कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने पूरे अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। महिला वार्ड, नर्सिंग स्टेशन, पुरूष वार्ड, मेल शॉर्ट स्टे वार्ड और महिला पुनर्वास वार्ड सहित पूरे अस्पताल का जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। मरीजों से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने सेंदरी स्थित दवा गोदाम का भी निरीक्षण किया। स्टॉक पंजी का अवलोकन कर दवाईयों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। यहां शीघ्र आईपीडी शुरू करने कहा। भर्ती एवं खरीदी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल भवन एवं अब तक उपलब्ध की गई सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

अस्पताल में नियमित साफ-सफाई एवं रख-रखाव के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कैंसर इंस्टीट्यूट भवन की भी जानकारी ली और इसका निर्माण जल्द करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त श्रीमती किरण कौशल, कलेक्टर अवनीश शरण, सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, डॉ. बीपी सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# रतनपुर में फिर चार मृत कछुए मिलने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर के महामाया नगरी में कछुए की मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले महामाया कुंड में 23 मृत कछुओं के मिलने संबंधी मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है, इधर मंगलवार की सुबह रतनपुर महामाया मंदिर के पहले बने कलपेसरा तालाब में फिर चार कछुओं का शव पाया गया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

25 मार्च को रतनपुर के महामाया कुंड में 23 नग कछुओं की मौत हो गई थी। इस मामले की जांच वन विभाग ने शुरु करते हुए सीसी टीवी फुटेज खंगालने के उपरांत मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, नेता और कर्मचारी सहित पांच आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला कायम कर लिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, नेता और कर्मचारी की तलाश की जा रही है। मंगलवार को धार्मिक नगरी रतनपुर के महामाया मंदिर परिसर से सटे कलपेसरा तालाब में एक बार फिर जाल में फंसे चार मृत कछुए मिलने से सनसनी फैल गई है। रतनपुर मे कछुओं की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नही ले रहा है, अभी 23 कछुओं की मौत की जांच की आंच भी ठंडी नही हुई थी की फिर एक बार जाल में मृत कछुए मिले हैं। यह तालाब नगर पालिका के अधीन आता है। यहां पर नगर पालिका द्वारा नौका विहार की सुविधा भी दी जाती है। सूचना पर वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर कछुओं के शव और जाल को जब्त कर कानन पेण्डारी में पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर जांच शुरु कर दी है।



महामाया मंदिर के पास कलपेसरा तालाब में मिले कछुओं के शव

वन विभाग ने शुरु की जांच, इसके पहले मृत मिले थे 23 कछुए

### मुख्य आरोपी फरार

14 दिन पहले रतनपुर के महामाया कुंड में मिले 23 नग कछुओं के मामले में वन परिक्षेत्र रतनपुर के अधिकारी और स्टाफ ने छानबीन व सीसी टीवी फुटेज के आधार पर दो मछुआरों को गिरफ्तार कर 14 दिन के रिमांड में जेल भेज दिया है। इसमें तीन मुख्य आरोपी महामाया ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, नेता आनंद जायसवाल और गजेन्द्र तिवारी शामिल हैं, जो विभाग की गिरफ्त में अब तक नहीं आए हैं। इन आरोपियों को पकड़ने के लिए वन विभाग बिलासपुर के डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने एसपी को पत्र लिखकर सहयोग करने मांग की है।

### मौत का कारण दम घुटना

रतनपुर के एक तालाब में चार कछुओं का शव मिला है। इनकी प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने के कारण मौत होना बताया गया है। बिसरा को जबलपुर भेजा जा रहा है। तालाब में जहां कछुओं का शव मिला है, वहां सीसी कैमरा नहीं लगा है। फिलहाल आसपास के लोगों से पूछताछ शुरु कर दी गई है। वहीं 23 नग कछुओं की मौत के मामले में मुख्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एसपी को भी पत्र लिखा गया है।

\- सत्यदेव शर्मा
डीएफओ वन मंडल बिलासपुर

निगम का ताबड़तोड़ अभियान

# अतिक्रमण हटाने पर जमकर विवाद और झूमाझटकी



**बिलासपुर।** ट्रैफिक की बाधा दूर करने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को लिंक रोड पर अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्रवाई की। दुकान का सामान रोड पर रखने वालों पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक दुकानदारों को हटाया। इस दौरान नेहरू नगर, कारगिल चौक, स्मार्ट सिटी रोड से कब्जे हटाए गए और 10 ट्राली सामान जब्त किया गया। मंगला चौक से होत हुए गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक, सीएमडी चौक पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया।

- चौक-चौराहे से हटाए गए अतिक्रण

### स्मार्ट सड़क पर भी कार्रवाई

मिट्टी तेल लाइन स्मार्ट रोड की फुटपाथ पर धीरे-धीरे यहां रहने वाले कब्जा करते ही जा रहे थे, जो दुकान आदि बनाकर पक्का कब्जा कर चुके थे। वही शिकायत के बाद नगर निगम अमित कुमार के निर्देश के बाद इस सड़क पर मंगलवार को कार्यवाही की गई। अतिक्रमण विरोधी दस्ता के प्रभारी प्रमिल शर्मा के नेतृत्व में टीम कार्यवाही के लिए पहुची। जहां एक के बाद एक स्थाई निर्माण पर बुलडोजर चलाते हुए सड़क को कब्जा मुक्त किया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि फिर से कब्जा करने की कोशिश करते हो तो फिर अवैध निर्माण को तोड़ दिया जाएगा। इसके साथ ही कार्यवाही के दौरान टीम ने सड़क किनारे रहने वालों को चेतावनी दी है कि वे अपनी कार फुटपाथ पर पार्किंग न करे।

### मुख्यमंत्री से एसईसीएल सीएमडी ने की सौजन्य भेंट

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंगलवार को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के नव नियुक्त अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री दुहन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।
श्री दुहन ने सीएम को एसईसीएल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत राज्य के खनन प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। श्री साय ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।



### झांसा देकर युवती से अनाचार, शिक्षक गया जेल

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले प्राइवेट शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली 23 वर्षीय युवती शहर के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थीं। उसी स्कूल में तोरवा निवासी अनिश मसीह भी शिक्षक था। इसी दौरान उनके बीच जान पहचान हुई। अनिश मसीह युवती को प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का झांसा देकर शारारिक संबंध बनाया। पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाई तो वह टालमटोल करने लगा। पीड़िता ने पतासाजी की तो जानकारी हुई कि अनिश मसीह पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट पर थाने में दर्ज कराई थी।


## 10 अप्रैल तक पार्षदों से मंगाए गए प्रश्न

# सामान्य सभा 15 को पं देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की सामान्य सभा करीब 14 महीने बाद 15 अप्रैल मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे से पं देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह में होगी। इसके साथ ही प्रश्नकाल के लिए नियमानुसार सभी पार्षदों से 2 प्रश्न 10 अप्रैल तक मंगाए गए हैं।

11 अप्रैल की दोपहर 12 बजे निगम के दृष्टि सभा कक्ष, विकास भवन में लाटरी निकाली जाएगी और प्रश्नों का क्रम निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही इस सामान्य सभा में रखे जाने वालो विषयों की सूचि भी जारी की गई है। इसमे पेयजल के साथ ही सड़क नाली के काम शामिल है। इसके साथ ही रिकाण्डों बस्ती चिंगराजपारा में व्यवसायिक परिसर निर्माण, अशोक नगर बिरकोना रोड चौड़ीकरण, गौरव पथ निर्माण कार्य, अरपा इंदिरा सेतु से राम सेतु तक अटल पथ निर्माण कार्य भी शामिल है। अरपा नदी में पहुंच रहे नालियों के पानी को रोकथाम पर भी चर्चा होगी। इसके लिए ठेका कंपनी को काम दिए जाने का प्रस्ताव एमआईसी में पास किया गया है। ज्ञात हो कि 27 फरवरी 2024 को सामान्य सभा की आखिरी बैठक लखीराम आडिटोरियम में हुई थी। उसके बाद से सामान्य सभा कराने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। खास बात है कि फरवरी में हुई बैठक में बजट पर अधिक चर्चा हुई थी। इसे पूरी सामान्य सभा भी नहीं कहा जा सकता। अधिकांश समय तो हंगामे में ही बीत गया था। सामान्य सभा की बैठक नहीं हो पाने के कारण चलते ढेरों प्रस्ताव अटके हुए हैं और विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। ध्यान रहे कि शहर विकास के अधिकांश कार्यों पर मुहर सामान्य सभा की ही लगती है। पेंशन और जातिप्रमाण पत्र का निराकरण न होने से गरीब परेशान हैं।




- 11 अप्रैल की दोपहर 12 बजे निगम के दृष्टि सभा कक्ष में लाटरी निकाली जाएगी

### इन प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर

- ग्राम घुरू, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिगियाडिह, कोनी एवं सकरी में पेयजल प्रबंधन कार्य हेतु 2817.22 लाख का टेंडर।
- देवरीखुर्द एवं चिल्टाटी क्षेत्र में तीन करोड इनक्यावन लाख रुपए में प्लास्टिक पाईप के स्थान पर डी.आई. पाईप लगाने का टेंडर
- रिकाण्डों बस्ती चिंगराजपारा में 5 करोड़ में व्यवसायिक परिसर निर्माण, दुकानों का आबंटन नीलामी के माध्यम से की जाएगी
- नवीन परियोजना अंतर्गत नगरोत्थान योजना हेतु बजट वर्ष 2025-26 में कई कार्यों के लिए 60.00 करोड़ की स्वीकृति
- अरपा में दूषित जल के उपचार हेतु पुणे की ठेका कंपनी द्वारा 103.69 करोड़ की कार्य योजना प्रस्तुत की गई है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार दिए बिना कोयला उत्पादन का लक्ष्य कभी नहीं होगा पूरा :किसान सभा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में कोयला मंत्री के गेवरा आगमन पर एसईसीएल के सीएमडी,बोर्ड मेंबरों के दौरे का विरोध करने की तैयारी शुरू हो गई है। कोयला मंत्री के साथ बड़ी संख्या में एसईसीएल के अधिकारियों के आगमन की खबर लगते ही भूविस्थापित लामबंद होकर सीएमडी और बोर्ड मेंबर को काले झंडे दिखाकर के गो बैक के नारे लगाने की तैयारी शुरू कर दिए है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि भूविस्थापितों के रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर इस क्षेत्र में लंबे समय से आंदोलन चल रहा है। कुसमुंडा में भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के बैनर पर अनिश्चितकालीन धरना को 1255 दिन पूरे हो चुके हैं, भूविस्थापितों की समस्या को लेकर चर्चा के लिए समय मांगने पर सीएमडी और डीपी द्वारा समय भी नहीं दिया जाता है। कोयला मंत्री के साथ सीएमडी और एसईसीएल के अन्य अधिकारियों के साथ यह दौरा कोयला उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से हो रहा है क्योंकि पिछले दो सालों से इस क्षेत्र में कोयला उत्पादन लगातार बाधित हो रहा है और उत्पादन लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। इस दौरे की खबर लगते ही भूविस्थापित आक्रोशित हो गए। उनका कहना है कि रोजगार दिए बिना कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा नहीं होने देंगे।

### स्वस्थ रहने आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य के नियमों का करें पालन



**कोरबा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में निःशुल्क रक्त शर्करा जांच, आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन सोमवार को पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में आयोजित किया गया। शिविर में रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करने के साथ साथ उनके लाइफस्टाइल तथा डाइट के विषय में विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया जो की विश्व स्वाथ्य दिवस का उद्देश्य भी था। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, की जांच निशुल्क करने के साथ साथ दवाईयां भी निशुल्क प्रदान की गई। साथ ही स्वस्थ रहने के उपाय के बारे मे बताते हुये डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा की आयुर्वेद में तीन उप स्तंभ कहे गये है। जो आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य हैं। स्वस्थ रहने के लिये हमे इसके नियमों का पालन करना चाहिये। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सक, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा, अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, टेमर लायन नेत्रनन्दन साहू, टेल ट्विस्टर कमल धारिया, पीआरओ लायन अश्विनी बुनकर, कमला कुंभकार, बसंती कंवर, ऋतु कंवर एवं हर्ष नारायण शर्मा ने योगदान दिया।

### एएसआई खाण्डे भेजे गए लाइन चार कर्मियों का हुआ तबादला

**कोरबा।** सहायक उप निरीक्षक अनिल खांडे बांकीमोंगरा से रक्षित केन्द्र कोरबा, पृथ्वीराज मोहंती रक्षित केन्द्र कोरबा से थाना बांकीमोंगरा, रामू कुर्मी जिला विशेष शाखा कोरबा से थाना उरगा, बेदराम कोसरिया को रक्षित केन्द्र कोरबा से चौकी मोरगा भेजा गया है।

### पशु पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था

**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा ग्रीष्म ऋतु में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था का अभियान प्रारंभ किया है। जिले के कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स द्वारा अपने घरों सहित गली-मोहल्लों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जा रही है। घरों की छतों और पेड़ों पर दाना-पानी के लिए पात्र रखे जा रहे हैं। पक्षियों के लिए घोसलों का भी निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स द्वारा पशुओं के लिए भी भोजन और पानी की व्यवस्था की जा रही है। राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार पूरे ग्रीष्म ऋतु में यह सेवा कार्य किया जाएगा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला द्वारा सामुदायिक सहभागिता से द्वारा 9 अप्रेल से जिला एवं विकासखंड स्तर पर प्याऊ घरों का भी संचालन शुरू किया जाएगा।

### बढ़ते गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने समय सारणी में किया बदलाव

**कोरबा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया है। यह नई समय सारणी शासकीय और अशासकीय सभी स्कूलों में लागू होगी। आदेश में यह स्पष्ट रूप से कहा गया कि तेज गर्मी की वजह से प्रदेश के निजी और सरकारी स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। सोमवार से शनिवार तक सुबह की पाली में संचालित होने वाली प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्कूलों की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक चलेंगी। ऐसी शालाएं जहां कक्षाएं दो पालियों में संचालित होती है वहां प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाएं सुबह 8 से 11 बजे तक, और हायर सेकेण्डरी की शालाएं सुबह 11 से 3 बजे तक संचालित होगी। यह आदेश 30 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। उल्लेखनीय है कि तीन जिलों में पहले ही स्कूलों का संचालन समय बदल दिया गया है।

---

#### पंचायत चुनाव के पूर्व ग्रामीणों के शिकायत पर हुई थी जांच

# चैतमा पंचायत में वित्तीय गड़बड़ियों की जांच के बाद भी जनपद पंचायत ने नहीं की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत चैतमा के तत्काललीन सरपंच श्रीमती विपति बाई पारसे व शातिर सचिव शांतिदास मानिकपुरी द्वारा 14वें, 15वें वित्त,

**खास बात**

- मामला 14वें, 15वें वित्त से मिली राशि में गड़बड़ी का

मूलभूत, जनपद निधि, सप्ताहिक बाजार निलामी, मवेशी बाजार नीलामी की राशि से लाखों गमन के जांच प्रतिवेदन जनपद पंचायत पाली कार्यालय में फाइलों के नीचे दबाकर रख दिया गया है।

तत्कालीन सरपंच व सचिव के सांठगांव से ग्राम पंचायत में पेयजल व्यवस्था के लिए नलजल मरम्मत, हैंड पंप मरम्मत, रनिंग वाटर सिस्टम, पचरी निर्माण कार्य, फर्जी प्रस्ताव कर लाखों की राशि अहरण किया गया है एवं अटल व्यवसायिक परिसर काम्पलेक्स के किराए की राशि बैंक खाता में जमा नहीं किया गया है, जिसकी शिकायत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर सपलवा एवं कलेक्टर जनर्दशन में किया गया है। जन समस्या निवारण शिविर सपलवा के आवेदन पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी पाली द्वारा 14 अक्टूबर 2024 कोआदेश जारी कर आदेश क्रं 3238 शिका जांच/ जपं/ 2024/25 दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को जांचदल दो करारोपण अधिकारी पाली एवं उपअभियंता पाली को बनाकर जांच कराया गया। जांच होने के बाद किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया गया और ना ही





फाइल फोटो

मुख्य कार्यपालन अधिकारी पाली द्वारा अहरण पर रोक लगाया गया। इसी बीच अचार संहिता लगने के पूर्व 28 अक्टूबर 2024 से 17 जनवरी 2025 तक तत्कालीन सरपंच एवं सचिव द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए 35 जाख 9 हजार 200 रूपये अहरण किया गया, जिसमें बहुत से कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है, उसका भी राशि कीअहरण किया गया है। इसकी सम्पूर्ण जानकारी मुख्य कार्य पालन अधिकारी पाली को दिया गया, लेकिन मामले पर कार्यवाही प्रतिवेदन को 4 माह बीत जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं किया गया। कार्यवाही की फाईल जनपंद पंचायत पाली के कार्यालय में अटक गई है और संबधित अधिकारी द्वारा सरपंच एवं सचिव को बचाया जा रहा है। ऐसे मे प्रशासनिक नुमाइंदो की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगता है। वहीं सचिव का हौसला बुलंद हो रहा है, इस तरह के भ्रष्टाचारीयों पर कार्यवाही होना चाहिए।

---

## पार्षद ने पेयजल की समस्या को लेकर नपा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते हुए पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा के द्वारा सुशासन तिहर के अंतर्गत आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 8 से 11 अप्रैल तक नगरीय निकायों में सभी वार्ड के नगर वासियों से शिकायत सम्बन्धी आवेदन जो आते हैं उन्हें प्राप्त करना है। इसी संबंध में नगर पालिका परिषद कटघोरा के पार्षद किशोर दिवाकर ने शिविर में उपस्थिति देते हुए पत्र के माध्यम से कटघोरा में पानी की समस्या को नगर की मुख्य समस्या बताते हुए आवेदन दिया व बताया इसके पूर्व भी कई बार आवेदन दिए गए मग़र अभी तक पानी व्यवस्था को लेकर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई पार्षद के द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि वार्ड में सुबह एवं शाम के समय पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दिया जाता है। इसी संबंध में निराकरण करने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से शिकायत किया गया। पार्षद द्वारा पानी के संबंध में सुशासन तिहार पर समाधान करने आवेदन पत्र को शिविर में रखे शिकायत को पेटी में डाला गया। इस पर मुख्य नगर पालिका के अधिकारी ज्ञानपुंज कुलमित्र से जानकारी चाही गई तब उन्होंने बताया कि गर्मी के समय कटघोरा के कुछ वार्डों में पानी की समस्या आती उन वार्डों पर टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है व पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है जिससे जल्द ही यह समस्या दूर हो जाएगी।

---

## मलगांव के भूविस्थापितों से मिले ननकीराम, मुआवजा वितरण की जांच कराने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर अपने वादे के मुताबिक मलगांव के भूविस्थापितों की समस्या सुनने सोमवार को उनके बीच पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व एसईसीएल के मुआवजा वितरण में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराएंगे।

आदिवासी नेता व पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने कहा कि एसईसीएल दीपका के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा मुआवजा वितरण में बड़ा खेल किया गया है। अधिकारियों के रिश्तेदार एवं उनके बाबुओं ने अपने रिश्तेदार के नाम से फर्जी मुआवजा बनवाकर केंद्र सरकार के साथ में धोखाधड़ी किया है जबकि मलगांव क्षेत्र के लोग जो वर्षो से वहां निवासरत हैं, उन्हें मुआवजा नहीं दिया गया है। जिनका मुआवजा बना है, निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं बना है, बहुत कम मुआवजा बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री आवास हेतु 1 लाख 35 हजार रुपए दे रहे हैं लेकिन जिनका आवास टूटा है,मलगांव में उन्हें 70 हजार रुपये मुआवजा बनाया गया है। उस समय कटघोरा तहसील में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार और वहां पदस्थ बाबू के द्वारा मुआवजा में हेराफेरी कर अपने रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी मुआवजा बनवाया गया है। सीबीआई के द्वारा भी एक व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। मलगांव के लोगों को जिला प्रशासन व एसईसीएल दीपका प्रबंधन के अधिकारी बलपूर्वक तानाशाही रवैया अपना कर डरा कर-धमका कर जमीन खाली करवाने का कार्य किया जा रहा है। नियम विरुद्ध की जा रही तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही बंद करें। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मलगांव में अधिकारियों की शह पर रोजाना रात में 35 से 40 ट्रेलर कोयला चोरी कराया जा रहा है। जिसके बाद श्री कंवर ने कहा कि मैंने केंद्र सरकार को कोयला चोरी होने का शिकायत किया है जिसमें कोयला मंत्रालय भारत सरकार एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के द्वारा अलग-अलग प्रकार से जांच करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। श्री कंवर ने बाबू मनोज गोभिल और श्रमिक नेता श्यामू जायसवाल के संबंध में भी सीबीआई से कराई जा रही जांच को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया है।



भूविस्थापितों से मिलते ननकीराम कंवर।

---

## ड्रेगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी के फाइटर्स ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य स्तरीय कूड़ो प्रतियोगिता जो कि 4 अप्रैल से 6 अप्रैल तक दुर्ग में आयोजित की गई। जिसमें जिले के ड्रेगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी निहारिका के 3 खिलाड़ियों का चयन हुआ। छत्तीसगढ़ कूड़ो संघ के उपाध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि सब जूनियर वर्ग में आयुष उरांव यू 12-30 किलोग्राम, सब जूनियर वैभव कृष्णा यू 14-60 किलोग्राम, अनुज अग्रवाल यू 19-58 किलोग्राम सीनियर वर्ग में भाग लिया। जिसमें लगभग सभी जिलों के 350 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया तथा कोरबा, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, रायपुर और दुर्ग के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। जिसमें कोरबा जिला को 3 पदक प्राप्त हुआ। खिलाड़ी वैभव कृष्णा स्वर्ण पदक, आयुष उरांव रजत पदक, अनुज अग्रवाल कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ कूड़ो संघ के उपाध्यक्ष अविनाश बंजारे, ड्रैगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर जिला कार्यकारी अध्यक्ष अजीत शर्मा, अध्यक्ष किरण निराला, जिला महासचिव एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे, कोषाध्यक्ष देवाशीष कश्यप जिला क्रीड़ा अधिकारी केआर टंडन, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी दीनू पटेल, सहायक क्रीड़ा अधिकारी आरके साहू, कोच एमडी आरिफ, हार्दिक दुरेजा, मुस्कान जायसवाल कृष्णा यादव राजेंद्र यादव, राजेंद्र निर्मलकर ने सभी फाइटर्स को उज्जवल भविष्य की कामना की।



**आवश्यकता है**

आयत ऑटोमोबाइल कोरबा मे
डेंटर पद,
मैकेनिक पद,
कम्प्यूटर ऑपरेटर पद
की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार।
शीघ्र संपर्क करें।
आयत ऑटोमोबाइल
बुधवारी बायपास रोड
टी पी नगर कोरबा
7869764475

---

## वार्डों में लग रहे शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे शहरवासी





ज्ञापन सौंपते हुए शहरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समाज के वंचित लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सराहनीय पहल से राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया है। सुशासन तिहार के

**खास बात**

- नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन तिहार के प्रति लोगों में दिखा उत्साह

माध्यम से प्रथम चरण में आम नागरिकों की जरूरतों, समस्याओं, शिकायतों का समाधान करने हेतु आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस प्रयास से शासन की पारदर्शिता,जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित किया जा रहा है।

जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। आम नागरिक उत्साह से अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वस्फूर्त आवेदन करने पहुँच रहे। जहां नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उनके आवेदनों को स्वीकार कर पावती प्रदान कर रहे है। साथ ही आवेदकों द्वारा स्वयं से आवेदन समाधान डिब्बे में डाल रहे है। इस दौरान आमजनो को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रकिया से अवगत भी कराया जा रहा है। इस हेतु नगरीय निकायों के सभी जोन कार्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन तिहार हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई है। निगरानी हेतु विभिन्न अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दायित्व सौंपा गया है। नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी के माध्यम से आमजनों के मध्य इस सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है। कोरबा विकासखंड के कोरकोमा पंचायत में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आज सुबह से ही अपनी समस्या की समाधान के लिए ग्रामीणों की कतार लगी रही। ग्रामीण शिविर स्थल पर पहुँचकर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत कर समाधान पेटी में स्वयं आवेदन जमा कर रहे थे। सुशासन तिहार का लाभ लेने आए कोरकोमा निवासी श्री अरदेसी सारथी व उनकी धर्मपत्नी रंगमती सारथी ने नए पीएम आवास निर्माण व शौचालय के लिए आवेदन जमा किया। उन्होंने बताया कि जनहितैषी सरकार, आम नागरिकों की परेशानियों को अच्छे से समझती है उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा सराहनीय पहल करते हुए पंचायतों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण समाधान पेटी में अपनी शिकायत जमा कर रहे है, जिसका प्रशासन द्वारा जांच कर तत्परता से निराकरण किया जाएगा। कोरकोमा की द्रुपती सारथी द्वारा भी आवास व शौचालय निर्माण के लिए आवेदन जमा किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आमजनो की परेशानियों के समाधान के लिए यह आयोजन किया गया है।

---

## कालीबाड़ी के किनारे से नहीं हटी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम की फटकार और 25 हजार रुपए की पेनल्टी का एसईसीएल पर कोई असर नहीं पड़ा है। कालीबाड़ी मंदिर की बाउंड्रीवॉल के किनारे सुभाष ब्लॉक मार्ग पर गंदगी का जमावड़ा एक प्रकार से निगम अधिकारियों को चिढ़ा रहा है। कॉलोनी में ऐसी कोई और भी जगह है, जहां पर गंदगी की तस्वीर बनी हुई है। कॉलोनी को साफ सुथरा बनाए रखने की जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की है। इसके लिए वह भारी भरकम फंड खर्च करने के दावे करता रहा है। दूसरी तरफ देखने में आया है कि एसईसीएल के आवासीय परिसरों में साफ सफाई का हाल काफी दयनीय स्थिति में है। इस वजह से कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों के परिवार काफी त्रस्त हो चुके हैं। दूसरी और सीजीएम कार्यालय से लेकर घंटाघर मार्ग में यहां वहां गंदगी की तस्वीर की उपस्थिति लोगों के लिए मुश्किलों का कारण बनी हुई है। नगर पालिका निगम के द्वारा चलाए जा रहे हैं विशेष स्वच्छता ड्राइव के अंतर्गत हाल में ही नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे और उनकी टीम ने इस इलाके का भ्रमण किया था तब उनके संज्ञान में इस प्रकार की चीज आई थी। इस मामले को चिंताजनक पाया गया और सीसीएल प्रबंधन पर उदासीनता के लिए 25 हजार की पेनल्टी लगाई गई। प्रबंधन को निर्देशित किया गया था कि जल्द ही यहां की गंदगी हटाने के साथ अवगत कराया जाए लेकिन अभी भी हालत यथावत बने हुए हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रसातल में जा रहा...

मौसम में यह स्थिति और भी बिगड़ती जाएगी। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार कोरबा जिले में जल स्तर 2.5 से लेकर 4.5 मीटर तक प्रतिवर्ष नीचे गिर रहा है। इसी तरह कोरबा विकासखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में भी भूजल स्तर नीचे होने के कारण यहां पीएचई विभाग की जल जीवन मिशन योजना ही फेल हो गई। बेला, दोंदरो, सतरेंगा, अजगरबहार जैसे क्षेत्रों में कुंआ खुदाई के दौरान पानी 40 से 50 फूट नीचे जाने के बाद ही मिलता है। सतरेंगा में यह स्थिति डेढ़ सौ फूट तक चली गई है जहां हैंडपंप भी काम नहीं कर रहे हैं।

### राजस्व वसूली पर...

की उपस्थिति में राजस्व वसूली कार्या की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, शिक्षा उपकर, भवन, दुकान किराया सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त होने वाले राजस्व के वसूली की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा वर्तमान तक की गई कर वसूली एवं बकाया कर राशि की जोनवार, वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विगत वर्षो की बकाया कर राशि सहित वर्तमान वर्ष की कर राशि की वसूली में अपेक्षित तेजी लाएं, बकायादारों से सतत संपर्क कर बकाया राशि निगम कोष में जमा करवाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि करदाताओं से निगम को प्राप्त होने वाले राजस्व की प्राप्ति नियमित रूप से हो तथा करों का भुगतान निगम कोष में समय पर किया जाए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बकाया कर राशि की कम वसूली होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की तथा बडे.बकायादारों की सम्पत्ति, भवन, दुकान आदि को सील करने की कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

---

**न्यायालय तहसीलदार, कोरबा**
**जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क.-202307050400024/अ-21 (2)/2024-2025
ग्राम-खरमोरा, प.ह.न. 20

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी / आवेदक श्रीमती शोभा गंगराज उम्र-59वर्ष, पति स्व. किश्नैय्या रजक जाति-रजक, निवासी खरमोरा कोरबा तह. व जिला कोरबा-छ.ग. द्वारा भूमि-स्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम खरमोरा, प.ह.न. 20, रा.नि.मं. दादरखुर्द भूमि ख.नं. 281 रकबा 0.050 हे./0.12$^{1/2}$ एकड़ भूमि को प्रस्तावित क्रेता बिन्देश्वरी डनसेना पति श्री शेरसिंह डनसेना, निवासी आई.टी.आई. चौक सी.एस.ई.बी. कोरबा, तह. व जिला कोरबा-छ.ग. के पास छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-165(6-क) के तहत वादभूमि को विक्रय करने का आवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन मय दस्तावेज न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, रा. कोरबा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसके जांच प्रतिवेदन के लिए न्यायालय में प्रकरण विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 21.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

---

**ईश्तहार**

हम हमारे पुत्र शशांक अग्रवाल एवं पुत्रवधु पदमिनी (सोनिया) के क्रुरता पूर्ण व्यवहार एवं प्रतारणा से तंग आकार दोनों को अपने घर एवं संपत्ति से बेदखल करते है। आज के बाद से इन दोनों से हमारा किसी तरह का कोई वास्ता नहीं रहेगा।

पता :- 175, साडा कॉलोनी जमनीपाली (जीवन आशा हास्पिटल के पास)

**भवदीय**
**श्रीमती उमादेवी अग्रवाल (माँ)**
**उम्र 61 वर्ष**
**दीनदयाल अग्रवाल (पिता)**
**उम्र 63 वर्ष**

---

NKH Group Of Hospitals
एम.डी. जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ
की सेवाएं अब NKH कटघोरा में...
बड़े शहरों के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों से 15 वर्षों का अनुभव प्राप्त
डॉ. साई श्रेया
(जनरल फिजिशियन)
एम.डी., जनरल मेडिसिन
प्रतिदिन
सुबह - 10:00 से 2:00 बजे तक
शाम - 05:00 से 8:00 बजे तक
प्रमुख बीमारियों की जांच व ईलाज-
• डायबिटीज, लकवा, हृदय की बीमारियां
• ब्लड प्रेशर, गैस्ट्रीक की समस्या
• मलेरिया, डेंगू, पीलिया, टाईफाईड की समस्या
• स्वाइन फ्लु, चिकनगुनिया आदि गंभीर मौसम जनित रोग
• गठिया, वात, पाण्डु रोग, श्वास रोगों की समस्या व परामर्श
• सर्दी-जुखाम, नहीं टूटने वाले बुखार आदि का ईलाज
NKH, मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल्स
बिलासपुर रोड कटघोरा
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
86025 99178
88712 80000

## खबर संक्षेप

### नवनिर्मित भवन का 11 को श्रम मंत्री करेंगे लोकार्पण



**कोरबा।** पूर्वांचल विकास समिति केंद्रीय अध्यक्ष राम आश्रय पांडे ने कहा कि पूर्वांचल विकास समिति कोरबा के नवनिर्मित भवन भवानी मंदिर दर्री रोड कोरबा का लोकार्पण 11 अप्रैल की शाम 6.30 बजे उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन तथा अति विशिष्ट अतिथि महापौर संजू देवी राजपूत, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका बांकीमोगरा के अध्यक्ष सोनी झा के हाथों लोकार्पण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में समाज द्वारा निगम महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व नगर पालिका बांकीमोंगरा के अध्यक्ष श्रीमती सोनी झा व सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्वांचल विकास समिति के प्रवक्ता विनोद सिन्हा को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 से प्रारंभ होकर देर रात तक होली मिलन के पश्चात लोक गायन चैता का आनंद श्रोताओं द्वारा लिया जाएगा।

### सेवा भारती का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**कोरबा।** सामाजिक संस्था सेवा भारती को 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कुंआभट्टा स्थित सेवा भारती के विवेकानंद सेवा सदन में किया गया। समिति के द्वारा जिले में कई गतिविधियों पर काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सेवा भारती कोरबा द्वारा अपने स्वावलंबन प्रकल्प रानी दुर्गावती सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत विवेकानंद सेवा सदन के प्रथम तल पर निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रकल्प की संयोजिका नीतू चौधरी द्वारा बालिकाओं को सिलाई कढ़ाई बुनाई व आधुनिक मशीनों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेवा भारती कोरबा के सचिव सुनील जैन ने संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान जुड़ावन सिंह ठाकुर, अशोक तिवारी, पीके भाटिया, वैभव चौरसिया, सुनील जैन, गोविंद माधव उपाध्याय, निकेश अग्रवाल, रेखा सिंह, कमल बत्रा, मयंक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### पंचायत सचिवों ने नगाड़ा बजाकर किया विरोध प्रदर्शन



**कोरबा।** जिले में पंचायत सचिवों की हड़ताल लगातार तेज होती जा रही है। लगभग एक महीने से चल रही इस हड़ताल के दौरान सचिवों ने मंगलवार को एक अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। चरण बद्ध तरीके से चल रहे आंदोलन के तहत मंगवार को धरना स्थल पर सचिवों ने नगाड़ा बजाकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि वे अपनी शासकीय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है, जो निराशाजनक है। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद हसन ने किया। उनके साथ ब्लॉक सचिव राजेंद्र कुमार पेंद्रो, जिला सचिव राजकुमार रजक, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहन सिंह श्याम, रविंद्र कुमार श्याम, कोषाध्यक्ष चतुर्भुवन सिंह, प्रवक्ता ममता कश्यप, धनंजय कुमार साहू, महामंत्री देव कुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह, रविंद्र सिंह, पवन सिंह, सह सचिव कुमार सिंह, प्रमुख सलाहकार त्रिभुवन सिंह व मोतीलाल कोराम सहित अन्य सचिव उपस्थित रहे।

## भिलाईखुर्द रेतघाट को चालू कराने विभाग कर रहा है प्रयास

# शहर का रेतघाट फिर हुआ बंद तस्कर खुलेआम कर रहे तस्करी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के लोगों को आसानी से रेत मुहैय्या हो सके इसके लिए खनिज विभाग ने चारपारा कोहड़िया में रेतघाट का संचालन शुरू किया गया था लेकिन कुछ महीने चलने के बाद ही यहां रेत की क्वांटिटी खत्म हो जाने के कारण अब इस रेतघाट को फिर से बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से शहर में अब रेत घाट का संचालन नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते शहरवासियों को फिर से रेत के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ रही है।

शहर के प्रमुख रेत घाटों की बात करें तो मोतीसागरपारा और गेरवाघाट रेतघाट का नाम सबसे पहले आता है लेकिन दोनों रेतघाट लंबे समय से बंद पड़े हुए हैं। खनिज विभाग द्वारा शहर के लोगों को आसानी से रेत मुहैय्या हो सके इसके लिए चारपारा कोहड़िया रेतघाट को चालू किया गया था लेकिन कुछ महीने चलने के बाद ही यहां रेत की क्वांटिटी खत्म हो गई है। ऐसे में अब शहर में एक भी रेतघाट अधिकृत रूप से चालू नहीं है। फलस्वरुप रेत के लिए फिर से आम लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि उपनगरीय क्षेत्रों में संचालित रेतघाट से रेत निकल रही है लेकिन यह रेत महंगी पड़ रही है। शहर में रेत के लिए इन दिनों डिमांड बढ़ती जा रही है और ऐसे में रेत तस्करों के पौबारह हैं और लगातार इन्हीं रेतघाट चारपारा कोहड़िया, मोतीसागरपारा सहिता आसपास के रेतघाटों में बड़े पैमाने पर तस्करों के द्वारा रेत की तस्करी की जा रही है और मोटी रकम कमाई जा रही है।

#### भिलाईखुर्द में शुरू करने का प्रयास

शहर के रेतघाट चारपारा कोहड़िया का रेत स्टॉक खत्म हो गया है जिसे फिर से शुरू करने के लिए पर्यावरण की स्वीकृति लेनी होगी। फिलहाल अभी शहरवासियों को रेत आसानी से मुहैय्या हो सके इसके लिए भिलाईखुर्द स्थित रेतघाट को चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि एक सप्ताह के भीतर भिलाईखुर्द स्थित रेतघाट चालू हो जाएगा और शहरवासियों को फिर से इसी रेतघाट से रेत मुहैय्या हो सकेगी।

**-प्रमोद कुमार नायक**
उपसंचालक खनिज विभाग

#### पूर्व पार्षद व ट्रैक्टर संचालक हुए आमने सामने



वैसे तो शहर के रेतघाट की बात करें तो मोतीसागरपारा और सीतामणी में रेतघाट लंबे समय से बंद पड़ा हुआ लेकिन नाम मात्र को ही रेतघाट बंद है। प्रतिदिन मोतीसागरपारा एवं सीतामणी रेतघाट से सैकड़ों की संख्या में ट्रेक्टर से रेत की खुलेआम चोरी की जा रही है। अब रेत निकासी को लेकर पूर्व पार्षद व ट्रैक्टर मालिक आमने सामने आ चुके हैं। जहां दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए काम को गलत ठहरा रहे हैं। कल इसी बात को लेकर विवाद सड़क तक आ पहुंचा था। ट्रैक्टर संचालकों ने पूर्व पार्षद पर अवैध रूप से वसूली करने का आरोप लगाया है। इस मामले में ट्रैक्टर मालिकों-संचालकों ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों वे अपने वाहनों का सही ढंग से परिचालन नहीं कर पा रहे हैं और न ही इस अवधि में रेत की ढुलाई ही वे करेंगे। दरअसल पिछले कुछ दिनों से अवैध रूप से ट्रैक्टर से रेत की ढुलाई करने पर प्रशासनिक शिकंजा कसा गया है।

#### निर्माण कार्य जोरों पर

इन दिनों अप्रैल का महीना चल रहा है। अप्रैल, मई और जून का महीना निर्माण काम के लिए सबसे अच्छा होता है। इसमें सारे विभागों के कामकाज होते हैं तो वहीं दूसरी ओर शहर व आसपास इलाके में भवन निर्माण सहित अन्य काम बहुत तेजी से चलता है। ऐसे में रेत की सबसे अधिक जरूरत पड़ती है और अभी अप्रैल के महीने में शहर के भीतर रेत ना मिलने से एक बड़ी समस्या सामने आ रही है। लोगों को रेत के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा हैं। इसी का फायदा रेत तस्कर उठा रहे हैं। बताया जाता है कि शहर में रेत तस्करी करने के लिए एक सिंडिकेट गिरोह काम कर रहा है जो बकायदा सुबह से देर शाम तक खुलेआम रेत की चोरी करवाता है और मोटा मुनाफा कमा रहा है। रेत की सबसे बड़ी चोरी शहर के मोतीसागरपारा रेतघाट, चारपारा कोहड़िया और राताखार में की जा रही है। जहां अलग-अलग संगठित गिरोह द्वारा खदान में कब्जा कर रेत की चोरी कराई जा रही है। इन रेतघाटों से रोज 200 से अधिक ट्रैक्टर रेत की चोरी हो रही है लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं करने से रेत तस्करों के हौसले लगातार बुलंद है।

## विपणन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण तहसीलदार ने की हटाने की कार्रवाई



जेसीबी से हटाया गया अतिक्रमण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा चांवल गोदाम के पास विपणन संघ की जमीन पर शमशाद अली को द्वारा अतिक्रमण किया गया था। विपरण खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा तहसीलदार कटघोरा को शिकायत किया गया, जिस पर मंगलवार को तहसीलदार भूषण मंडावी व नायब तहसीलदार कटघोरा व द्वारा अपने दल के साथ ग्राम कटघोरा में घास मद की शासकीय भूमि खसरा नंबर 1902/1 कुल रकबा 5.183 में से 26ग गुना 23 वर्ग फिट भूमि पर शमशाद अली पिता ग़फ्फार अली के द्वारा अवैध मकान बनाया गया था जिसे अधिकारियों के द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए कब्जा किये गए भवन को मुक्त कराया गया। तहसीलदार ने साफ साफ कह दिया है कि नगर में इस प्रकार से जिसके भी द्वारा अतिक्रमण किया जाएगा उसे ऐसे ही धराशाई कर दिया जाएगा।

## पोषण पखवाड़ा का किया गया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ सेक्टर दोंदरो के साथ ही पंचायत में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सेक्टर पर्यवेक्षक गायत्री निर्मलकर के नेतृत्व तथा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सजन कंवर, श्रद्धा साहू, सिदमति, महेश्वरी, बसंती, अजीता, देवकुमारी, बुदनी, कृष्णा के सहयोग से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में साइकिल रैली निकालकर ग्राम वासियों को पोषण पखवाड़ा शुभारंभ की जानकारी दी गई।

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पुतला दहन



पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दुर्ग में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार हो रही अपराध की संवेदनशील घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व राज्य की लचर कानून व्यवस्था के कारण गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को टीपी नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया।

जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि देश में जब कन्याभोजन हो रहा था तब दुर्ग में एक मासूम बच्ची के साथ अनाचार हो गया और उसकी हत्या भी हो गयी। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद बेटियां, बहनें, मातायें सुरक्षित नहीं हैं। लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही है। दुर्ग में एक छोटी बच्ची भोजन खाने गयी थी उसके साथ दुराचार हो गया और हत्या हो गयी। अपराधी बेलगाम हो गये हैं उनमें कानून का भय नहीं है। पूर्व महिला जिला अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि रोज हत्याये, लूट, बलात्कार हो रहे है। सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने में नाकाम है। पुतला दहन के दौरान राजेंद्र सिंह ठाकुर, कुसुम द्विवेदी, कृपाराम साहू, मुकेश राठौर, सुखसागर निर्मलकर, पालूराम साहू, प्रदीप जायसवाल, रामगोपाल कुर्रे, रामगोपाल यादव, अविनाश बंजारे, मनक साहू, गौरी चौहान, लक्ष्मी महंत, मुन्नी नायक, सुभाष राठौड़, व्यास नारायण श्रीवास, डॉ.डीआर नेताम, रमेश वर्मा, नवरत्न सिंह ,अमित कुमार पन्ना, उमेश कुमार साहू सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचेगा समूहों का रेडी टू ईट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले पांच साल से आंगनबाड़ी केंद्रों में समूहों के द्वारा सप्लाई की जाने वाली रेडी टू ईट खाद्य सामग्री बंद पड़ी हुई थी, जिसे सरकार ने फिर से महिला स्व सहायता समूह को सौंपने का निर्णय देते हुए विभागों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत महिला बाल विकास विभाग ने फर्म सोसायटी से पंजीकृत समूह और संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

रेडी टू ईट कार्यक्रम चलाने वाले महिला समूहों के लिए राज्य शासन की ओर से जारी दिशा निर्देश के तहत अब एक परियोजना अंतर्गत आने वाले सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में केवल एक समूह ही रेडी टू ईट खाद्य सामग्री की आपूर्ति करेगा। इसके पूर्व एक परियोजना के अंतर्गत कई महिला स्व सहायता समूहों को रेडी टू ईट कार्यक्रम चलाने की जिम्मेदारी मिली हुई थी। किंतु इस नए निर्देश के बाद अब आर्थिक रुप से सक्षम महिला स्व सहायता समूह ही आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट खाद्य सामग्री की सप्लाई कर सकेंगे। शासन के द्वारा जारी मापदंड के तहत रेडी टू ईट खाद्य सामग्री सप्लाई करने वाले समूहों को एक बड़ी राशि खर्च करनी होगी और तीन महीने तक कार्यक्रम लगातार चलना होगा। जिले में 26 सौ से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र हैं जो 10 परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित होते हैं। विभाग के द्वारा कोरियर और डाक से 21 अप्रैल तक आवेदन पत्र मांगे हैं।

#### खास बातें

- एक परियोजना में एक समूह को मिलेगी जिम्मेदारी
- विभाग पंजीकृत संस्थाओं से मंगाया आवेदन

#### 6 माह से नहीं मिला है वेतन

| परियोजना | सेक्टर | आंगनबाड़ी केंद्र |
|---|---|---|
| कोरबा ग्रामीण | 12 | 346 |
| कोरबा शहरी | 10 | 240 |
| कटघोरा | 09 | 278 |
| करतला | 11 | 215 |
| बरपाली | 07 | 184 |
| पाली | 14 | 394 |
| हरदीबाजार | 07 | 191 |
| पोड़ी उपरोड़ा | 11 | 342 |
| चोटिया | 05 | 197 |
| पसान | 08 | 211 |

#### समूह को तैयार करनी होगी अपनी यूनिट

रेडी टू ईट के लिए चयनित समूहों को एक बड़ी राशि खर्च करनी होगी और मात्रा भी मिट्रिक टन एवं मशीनरी की लागत निर्धारित की गई है। जिसमें 5 से 15 मिट्रिक टक के लिए 12 से 18 लाख, 16 से 25 मिट्रिक टन के लिए 18 से 25 लाख, 26 से 35 मिट्रिक टन हेतु 35 से 37 लाख की राशि निर्धारित की गई है। एक यूनिट तैयार करने में लगभग 40 लाख रुपए का खर्च आएगा जो आर्थिक रुप से सक्षम समूह ही खर्च कर सकेंगे।

## नपा अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा ने मंगलवार को वार्ड क्रमांक 1, 18 एवं 2 में सीसी रोड और आरसीसी नाली निर्माण सहित सात विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित सुशासन तिहार शिविर 2025 के उद्घाटन के बाद भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 1 पुरेना बस्ती में शासकीय हाई स्कूल से रामसिंह घर तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 18 मढ़वाढोड़ा में चार स्थलों पर सीसी रोड और आरसीसी नाली निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई तो वहीं वार्ड क्रमांक 2 में मेन रोड से भीमसेन मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों। जनता को सुविधा देना ही हमारी प्राथमिकता है। भूमिपूजन के दौरान पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर, भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, अश्वनी साहू, अनिता राजपूत ,गौरी केवट ,कविता महंत,पार्षद राजकुमारी पवन शर्मा, प्रकाश झा, गोवर्धन कंवर, सतीश लहरे, पत्रकार प्रियांशु मल्होत्रा सहित कई जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित रहे।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## जोन कमिश्नरों व अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

# सुशासन तिहार के पहले दिन महापौर, आयुक्त व सभापति ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के तहत मंगलवार को निगम के 7 जोन कार्यालयों में शिविर लगाए गए। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने शिविर में पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में अपने आवेदन जमा कराने आएं नागरिकों से उनकी समस्याओं, शिकायतों व मांग आदि की जानकारी ली। साथ ही शिविर के सुचारू संचालन के संबंध में संबंधित जोन कमिश्नरों व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसका आगाज 8 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। निगम क्षेत्र के अंतर्गत सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आमजनता से उनकी शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे, तत्पश्चात द्वितीय चरण के अंतर्गत एक माह के भीतर इन प्राप्त आवेदनों का निराकरण कराया जाएगा। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक वार्डों में समाधान शिविर लगाए जाएंगे। आयोजन के प्रथम चरण में टीपी नगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला के 7 जोन कार्यालयों में शिविर लगाकर नागरिकों से उनके आवेदन प्राप्त किए गए। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने शिविर में पहुंचकर निरीक्षण किया। आयोजन किए जा रहे शिविरों में जोन के प्रत्येक वार्ड हेतु पृथक-पृथक काउंटर स्थापित कर वार्डवार आवेदन लिए जा रहे हैं, महापौर, आयुक्त व सभापति ने प्रत्येक वार्डवार स्थापित काउंटरों का निरीक्षण किया, प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली, साथ ही आवेदन जमा कराने हेतु शिविर में पहुंचे नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्या, शिकायत व मांग आदि के संबंध में चर्चा की, उनकी समस्याओं को जाना तथा आवेदन जमा कराकर क्रमबद्ध रूप से उनके निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए। आज आयोजित शिविरों के दौरान मांग संबंधित 620, शिकायत संबंधी 153 सहित कुल 773 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, कृपाराम साहू, ममता यादव, रूबीदेवी सागर, सरोज शांडिल्य, फिरतराम साहू, अजय कुमार चन्द्रा, सत्येन्द्र दुबे, आरती सिंह, बहत्तर सिंह कंवर, विनम्र तिवारी, पूर्व लुकेश्वर चौहान सहित अन्य पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने शिविरों में पहुंचकर अपने वार्ड के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों व मांग संबंधी आवेदनों पर नागरिकों से चर्चा की एवं उनके आवेदन जमा कराने में सहयोग प्रदान किया।



सुशासन शिविर में पहुंची मेयर।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411